हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 276 देहरादून, बृहस्पतिवार, 27 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं से सौम्य एवं मृदु व्यवहार के निर्देश : करन सिंह नगन्याल 3

# श्रद्धांजलि

## कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास की मौत पर प्रदेश में 3 दिन का राजकीय शोक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वरः उत्तराखंड के परिवहन एवं समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास का आकस्मिक निधन हो गया है। उन्होंने जिला चिकित्सालय बागेश्वर में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। सीएमओ के अनुसार उन्हें हार्ट अटैक हुआ और उनका ब्लेड प्रेसर कंट्रोल नहीं हो सका।

बागेश्वर विधानसभा सुरक्षित सीट से चार बार विधायक और वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का बुधवार को दोपहर एक बजे कार्डियक अटैक के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। वह 65 वर्ष के थे। सौम्य व मधुर व्यवहार के धनी श्री चंदन राम दास मंगलवार को देर सांय अपने गृह जनपद पहुंचे थे। आज उन्हें जिला योजना की बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना था।

बुधवार सुबह से उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। जिन्हें लगभग पौने 12 बजे के आसपास जिला चिकित्सालय में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। लेकिन उनका स्वास्थ्य लगातार गिरने लगा। ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं होने के कारण कार्डियक अटैक पड़ने से उन्होंने अंतिम सांस ली।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डीपी जोशी ने मंत्री चंदन राम दास के निधन की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें कार्डियक अटैक पड़ने से उनका निधन हुआ है।

## हँसते मुस्कुराते कर गए उदास, चंदन राम दास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून / बागेश्वर , 27 अप्रैल , किसने सोचा था कि चंद घंटे पहले जो मुस्कुराता अभिवादन स्वीकारता चेहरा लोगों के सामने मौजूद था वो जल्द उनके बीच से चला जायेगा ? अल्मोड़ा के बड़े मंच पर कैबिनेट के साथियों संग मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी में भी नहीं लग रह था कि मंत्री चंदन राम दास अगले दिन दुनिया से रुखसत हो जायेंगे। लेकिन ये अटल सत्य है जो मृत्यु के रूप में हमारे सामने खड़ी हो जाती है।

एक तरह जब बागेश्वर के मतदाता अपने लोकप्रिय विधायक और मंत्री दास के दरबार में फ़रियाद लेकर पहुँच रहे थे उसी बीच ये मुस्कुराता शख्सियत किसी लम्बे सफर की तैयारी कर रहा था। दोपहर होते होते खबर आई कि उत्तराखंड के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास का निधन हो गया है ... आपको बता दें कि लंबे समय से बीमार चल रहे चंदन राम दास बागेश्वर से विधायक थे और धामी कैबिनेट में वरिष्ठ मंत्री के पद पर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे .... अभी चंद घंटों पहले ही चंदन रामदास पूरी कैबिनेट के साथ अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्व० हेमवती नंदन बहुगुणा के बड़े कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे ...

### न्यूज़ वायरस को दिया था अंतिम साक्षात्कार

■ 3 दिन का राजकीय शोक, पुलिस सम्मान से होगी अंत्येष्टि

उस वक्त ऐसा कोई कह नहीं सकता था कि चंद घंटों के बाद उत्तराखंड का यह वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री उनके बीच नहीं रहेगा। इसके पहले भी कई बार वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रहे चंदन रामदास अस्पताल में भर्ती होते रहे हैं और स्वस्थ होकर अपनी सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेदारियाँ भी निभा रहे थे।

चार धाम यात्रा को लेकर वे काफी संजीदा थे और लगातार परिवहन की समुचित व्यवस्था के निर्देश दे रहे थे। लोकप्रियता में अन्य मंत्रियों से अलग प्रभाव रखने वाले दिवंगत चंदन राम दास का राज्य सरकार में खाता प्रभाव भी नजर आता था। उनकी विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में उनकी बेहद मजबूत पकड़ थी और लोगों का भारी समर्थन भी साथ था जिसका नमूना उनके मंत्री बनने के बाद दिखा भी था।

मुख्यमन्त्री धामी और सभी कैबिनेट मंत्रियों में इस घटना से गहरे शोक की लहर है और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस अचानक हुए हादसे पर गहरा दुःख जताया है वहीँ दिवंगत मंत्री दास के समर्थकों को गहरा झटका लगा है जिसकी पूर्ति होना आसान नहीं होगी। उत्तराखंड के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रहे दिवंगत बागेश्वर के विधायक मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद अब राज्य सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक मंत्री चंदन रामदास के निधन से प्रदेश की सरकार और उनके समर्थकों में गहरा शोक है जिसकी वजह से प्रदेश के सभी कार्यालय बैंक कोषागार उप कोषागार बंद रखे गए और 26 से 28 तारीख तक 3 दिन तक प्रदेश में राजकीय शोक घोषित किया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों के सरकारी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिस जनपद में दिवंगत मंत्री की अंत्येष्टि संस्कार संपन्न होगी वहां पर जनपद के सभी प्रदेश के कार्यालय बंद रहेंगे और उनका अंतिम संस्कार पुलिस सम्मान के साथ किया जाएगा।

## प्रदेश और संगठन ने खो दिया एक अनुशासित और संघर्षशील नेता : भगत सिंह कोश्यारी



देहरादून , 27 अप्रैल , 1997 में नगर पालिका बागेश्वर के निर्दलीय अध्यक्ष से 2022 में कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय करने वाले एक कद्दावर जनप्रतिनिधि , पार्टी संगठन में बेहतर तालमेल , जनता में सीधा संवाद करते हुए अपनी लोकप्रियता पर विनम्रता से सर झुकाने वाले स्वर्गीय चंदन राम दास ने 1980 से राजनीति जीवन की शुरूआत की। 2006 में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी की प्रेरणा पर दास भाजपा में शामिल हुए। 2007, 2012, 2017 और 2022 में वह लगातार चौथी बार विधायक चुने गए। ऐसे जनप्रिय राजनेता का निधन देवभूमि के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## चंदन राम दास जी का निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति : पुष्कर सिंह धामी

देहरादून , 27 अप्रैल , मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्री श्री चंदन राम दास के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा मंत्रिमंडल में हमारे वरिष्ठ साथी श्री चंदन राम दास जी का निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने समाज में गरीबों, शोषितों, पिछड़ों के लिए और आम आदमी की भलाई के लिए संपूर्ण जीवन कार्य किया। वे एक संघर्षशील नेता थे। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम छोर में खड़े लोगों की आवाज को उठाने और समाधान की ओर ले जाने का कार्य किया। उनका सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व था।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को सभी प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।



# ज्ञान वायरस : आधार, वोटर आईडी के बिना भी बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अप्रैल , जल्द ही, आप आधार, वोटर आईडी या पासपोर्ट के अलावा अन्य डॉक्यूमेंट जमा करके भी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही अपने वाहन का पंजीकरण करा सकेंगे। सड़क परिवहन मंत्रालय ने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए पहचान, पते और उम्र के प्रमाण के लिए जरूरी दस्तावेजों की सूची का प्रस्ताव दिया है।

**लिस्ट में ये दस्तावेज शामिल**

मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 10 मई तक फीडबैक मांगा है। इसके साथ प्रस्तावित दस्तावेजों की लिस्ट शेयर की है। इनमें राशन कार्ड या पीडीएस फोटोग्राफ कार्ड, केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों का सेवा प्रमाण पत्र, किसानm फोटो पासबुक, विकलांगता पहचान पत्र और सरकार द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार सरकार द्वारा जारी किए गए ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड या सर्टिफिकेट को भी वैलिड दस्तावेज माना

**डेट ऑफ बर्थ की पहचान के लिए होगा ये डॉक्यूमेंट**

मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि उसने डीएल या पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पर्याप्त एक्स्ट्रा दस्तावेजों की सूची का प्रस्ताव करते समय आधार के अपडेट में लगने वाले दस्तावेजों की सूची से ली है। उदाहरण के लिए, पहचान के प्रमाण के लिए पैन स्वीकार किया जाएगा; पहचान और पते के प्रमाण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की फोटो पहचान पत्र, विवाह प्रमाण पत्र या विकलांगता पहचान पत्र या सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र, किसान फोटो पासबुक और सरकारी आवास का आवंटन पत्र कम से कम एक वर्ष के लिए पर्याप्त होगा। इसी तरह, पहचान और उम्र के प्रमाण के लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 की मार्कशीट या प्रमाण पत्र पर्याप्त होगा।

# क्यों मनाते हैं वर्ल्ड इंग्लिश डे ? जानिए इतिहास और महत्व

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अप्रैल , अंग्रेजी भाषा दुनियाभर में बोली जाने वाली सबसे लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। आज दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति अंग्रेजी का इस्तेमाल करता है। अलग-अलग पहली भाषाओं वाले दो वक्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने के लिए अंग्रेजी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है।विश्व अंग्रेजी दिवस या अंग्रेजी भाषा दिवस हर साल 23 अप्रैल को अंग्रेजी नाटककार और कवि विलियम शेक्सपियर की जयंती और पुण्यतिथि मनाने के लिए मनाया जाता है। बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया में अंग्रेजी भाषा के महत्व को मनाने के लिए 2010 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की और से पहली बार मनाया गया था।अंग्रेजी भाषा दुनियाभर में बोली जाने वाली सबसे लोकप्रिय भाषाओं में से एक है। आज दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति अंग्रेजी का इस्तेमाल करता है। अलग-अलग पहली भाषाओं वाले दो वक्ताओं के बीच संवाद स्थापित करने के लिए अंग्रेजी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। ये दिन भाषा से जुड़े इतिहास, संस्कृति, विकास और उपलब्धियों की संभावनाओं को दर्शाता है।अंग्रेजी को आधुनिक युग की भाषा के रूप में जाना जाता है। फ्रेंच के अलावा ये संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कामकाजी भाषा के रूप में कार्य करती है। वैश्विक संचार विभाग ने 2010 में संगठन की छह आधिकारिक भाषाओं में से प्रत्येक के लिए भाषा दिवस की शुरुआत की, जिसके कारण विश्व अंग्रेजी दिवस की स्थापना हुई। अंग्रेजी दुनियाभर में लगभग 952 मिलियन लोगों द्वारा उनकी पहली भाषा के रूप में और 603 मिलियन लोगों द्वारा उनकी दूसरी भाषा के रूप में बोली जाती है।

**विश्व अंग्रेजी दिवस की इस साल की थीम**

विश्व अंग्रेजी भाषा दिवस की थीम हर साल बदलती है और अक्सर भाषा के महत्व के एक विशिष्ट पहलू का प्रतिनिधित्व करती है। इस दिन के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित पिछले विषयों में ₹एक वैश्विक भाषा के रूप में अंग्रेजी₹ और ₹अंग्रेजी और रचनात्मकता₹ शामिल हैं, जो वैश्विक संस्कृति, शिक्षा और संचार पर भाषा के प्रभाव को रेखांकित करते हैं।विश्व अंग्रेजी दिवस का महत्व एक साझा भाषा के माध्यम से विविध संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करने की क्षमता में निहित है। अंग्रेजी दुनियाभर में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और इसे व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संचार के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है। विश्व अंग्रेजी दिवस मनाना हमें भाषा की शक्ति और महत्व को स्वीकार करने, इसके निरंतर उपयोग और विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है।




# अरे बाप रे : 40 औरतों का एक ही 'पति', नाम है रूपचंद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अप्रैल , जातीय जनगणना में एक हैरान करने वाला आंकड़ा बिहार के अरवल जिले से सामने आया है। अरवल जिले में 40 महिलाओं का एक ही 'पति' है, जिसका नाम रूपचंद है। पूछे गए सवाल में कई महिलाओं ने रूपचंद का नाम लिया है। अधिकारी को रूपचंद के बारे में जानकारी हुई तो वो भी हैरान रह गए।बिहार में जातीय जनगणना चल रही है। इस दौरान चौंकाने वाले आंकड़े भी सामने आए हैं। जातीय जनगणना के दौरान पता चला कि अरवल जिले में 40 महिलाओं का 'पति' एक ही शख्स है। इसका नाम है रूपचंद। जनगणना कर रहे अधिकारी भी इस पर हैरान हैं। नीतीश सरकार की ओर से कराई जा रही जातीय जनगणना के दौरान महिलाओं से उनके पति का नाम पूछा गया। इस पर अगर-बगल के घरों में रह रहीं 40 महिलाओं ने पति का नाम रूपचंद बताया। वहीं कुछ महिलाओं ने अपने पिता और बेटे भी बताया है। मामला नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-7 का है।

0यह रेड लाइट एरिया है। इस इलाके में वर्षों से सेक्स वर्कर रह कर अपना जीवन यापन करती आ रही हैं। जातीय जनगणना के दौरान सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों की जानकारी जुटा रहे हैं। इसी दौरान यह चौंकाने वाला आंकड़ा रेड लाइट एरिया से सामने आया है। यहां 40 महिलाओं ने अपने पति का नाम रूपचंद बताया है। वहीं कुछ महिलाओं ने पिता और पुत्र के तौर पर भी रूपचंद का नाम लिया है।अरवल रेड लाइट एरिया की सेक्स वर्कर के सामने सबसे बड़ी समस्या ये है कि वे अपने पति के रूप में किसका नाम दर्ज कराएं? यहां रहने वालीं अधिकांश महिलाएं रूपचंद यानी रुपया को ही अपना सब कुछ मानती हैं। इसलिए उन्होंने अपने पति के नाम के आगे रूपचंद नाम दर्ज कराया है तो किसी ने पिता के नाम के कॉलम के आगे रूपचंद लिखवाया है।



# स्वर्गीय दास जी सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व थे : युगल किशोर पंत



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रूद्रपुर 27 अप्रैल , जिला कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर जिला कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर पुण्यात्मा की शान्ति की कामना की एवं श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्गीय दास जी सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व थे।

# दिवंगत चंदन राम दास को विनम्र श्रद्धांजलि : उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 27 अप्रैल , उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच द्वारा प्रदेश सरकार के परिवहन व समाज कल्याण मंत्री चन्दन रामदास  का दुखद समाचार मिलने पर गहरा दुःख व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच ने कहा कि सरकार में कैबिनेट मंत्री व विधायक बागेश्वर चंदन राम दास  का आकस्मिक निधन बेहद दुखद है।  राज्य आंदोलनकारी मंच ने कहा कि मंत्री जनहितों को लेकर हमेशा संवेदनशील रहते थे। वह बीमार होने के बावजूद अपने कार्यों को बराबर कार्यरत रहते थे। प्रदीप कुकरेती ने बताया कि जब देहरादून आर टी ओ ने अपना फरमान सुनाया कि अब झाजरा में बनेंगे लाइसेंस तो राज्य आंदोलनकारी मंच के बैनर तले लगभग 5 संगठनों का एक शिष्टमंडल माननीय मंत्री जी से अभी 8 माह पूर्व ही RTO की समस्याओं को लेकर मिले थे तो उन्होंने आमजन और बुजुर्ग बच्चो की समस्याओं के देखते हुए तत्काल हमारी ज्ञापसंज्ञान लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यवस्था पूर्व की भांति बनी रहे।  प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी व रामलाल खंडूड़ी ने बताया कि मंत्री  राज्य आंदोलनकारियों के हित में 10% क्षेतिज आरक्षण हेतु गठित उपसमिति के भी सदस्य रहे और उक्त समिति में भी उन्होंने पिछले माह राज्य आंदोलनकारियों के हित में अपनी सहमति प्रदान की। उपाध्यक्ष सुरेश नेगी व गणेश शाह ने संगठन की ओर से मंत्री  की आत्मशांति हेतु परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता की कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। शोक व्यक्त करने में प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी , रामलाल खंडूड़ी , प्रदीप कुकरेती , मोहन सिंह खत्री , सुरेश नेगी , सतेन्द्र भण्डारी , सुमित थापा , राकेश नोटियाल , गौरव खंडूड़ी , भानू रावत , पुष्पलता सिलमाना , सुलोचना भट्ट , राधा तिवारी , अरुणा थपलियाल , राजेश्वरी बिष्ट , प्रभात डंडरियाल , सतेन्द्र नोगाई, बीर सिंह रावत , सुनील जुयाल, विनोद असवाल , सुरेश कुमार , आशीष उनियाल , विक्रम गुसाई आदि रहे।



# तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खुले

रुद्रप्रयाग। पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और पौराणिक विधि विधान के साथ आम तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। अब ग्रीष्मकाल के छह माह तुंगनाथ धाम में ही भगवान के दर्शन होंगे। भगवान के मंदिर में नित्य पूजांए व आरती के बाद भक्तों को दर्शन करने का सौभाग्य मिला। बुधवार को सुबह 7 बजे पुजारी एवं वेदपाठियों ने पर्यटक स्थल चोपता में भगवान तुंगनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर आरती उतारी। जिसके बाद चोपता में भक्तों ने भगवान तुंगनाथ की डोली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भक्तों के पौराणिक जागर एवं जयकारों के साथ ही स्थानीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ ठीक नौ भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली अपने धाम के लिए रवाना हुई। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली सुरम्य मखमली बुग्यालों गुजरते हुए ठीक पौने 11 बजे अपने धाम पहुंची। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली मन्दिर की तीन परिक्रमा की। इस दौरान तुंगनाथ धाम में भक्तों के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जिसके बाद बद्री-केदार मंदिर समिति, प्रशासन एवं हक हकूकधारियों की मौजदूगी में ठीक 11.50 बजे कर्क लगन में भगवान तुंगनाथ के कपाट विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ ग्रीष्मकाल के छह माह के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद मठापति रामप्रसाद मैठाणी के नेतृत्व वेदपाठियों ने भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू लिंग का अभिषेक, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कर आरती कर विशेष पूजा अर्चना की। जिसके बाद भक्तों को स्वयंभू लिंग के दर्शन करने की अनुमति दी गई। पहले दिन लगभग पांच सौ से अधिक श्रद्वालुओं ने भगवान तुंगनाथ के दर पर मत्था टेककर पुण्य अर्जित किया। अब छह महीने भगवान की इसी स्थान पर पूजा अर्चना एवं नित्य पूजाएं व आरती संपंन होंगी।

## गढ़वाल कमिश्नर और डीआईजी ने देखी यात्रा मार्ग में व्यवस्थाएं

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाओं और तीर्थयात्रियों को मिल रही सुविधाओं को देखने के लिए आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने केदारनाथ पैदल मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही केदारनाथ धाम पहुंचने पर दोनों अफसरों ने बाबा केदार की पूजा-अर्चना और दर्शन किए। पैदल मार्ग का निरीक्षण करते हुए गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने यात्रा पड़ाव में पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा केदारनाथ धाम में आ रहे तीर्थ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की व्यापक जानकारी ली। यहां तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं से सौम्य एवं मृदु व्यवहार के निर्देश : करन सिंह नगन्याल



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली , 27 अप्रैल , विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा का शुभारम्भ 22 अप्रैल 2023 से हो चुका है। चारधामों में से हिंदू देवता श्री विष्णु भगवान को समर्पित और मां अल्कनन्दा नदी के किनारे सीमान्त जनपद चमोली में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट कल दि0 27.04.23 को श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खोले जाने है। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत चमोली पुलिस द्वारा अपनी सभी तैयारिया पूर्ण कर ली है। पुलिस प्रशासन ने तैयारियों को अन्तिम रूप देते हुए पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल व पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए ड्यूटी सम्बन्धी उचित दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा सम्बोधन में चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक यात्री की सुरक्षा व श्रद्धालुओं को सुगम व निर्बाध यात्रा देना उत्तराखण्ड़ पुलिस की प्राथमिकता है। इसलिए प्रत्येक पुलिस कर्मी ड्यूटी के दौरान शान्त होकर व भीड़-भाड़ बढ़ने पर संयत होकर ड्यूटी करें, तीर्थ यात्रियों से अच्छा एवं उच्च कोटि का व्यवहार कर उनका सही से मार्ग दर्शन करें, श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार दुर्व्यहार न करें, अपनी ड्यूटी को सेवा व श्रद्धाभाव से करें तथा श्रद्धालुओं की हर सम्भव मदद करें। यात्रा ड्यूटी के दौरान सभी कर्मचारी को नशे के सेवन व गलत आचरण से बचने की हिदायत दी गयी तता शिकायत प्राप्त होने पर ऐसे कर्मियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, सभी पुलिस कर्मीयों को निर्धारित व साफ-सुथरी वर्दी धारण करने व उच्च कोटि का टर्नआउट बनाए रखें, चारधाम यात्रा ड्यूटी हेतु बहारी जनपद से आये पुलिस बल विशेष रूप से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु बताया गया क्योकिं श्री बद्रीनाथ धाम में मौसम काफी ठंडा है स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या होने पर उसे प्रभारी के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाए जाय प्रत्येक पुलिस कर्मी की समस्याओं का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा विषम परिस्थितियां में आपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु बताया गया। तथा श्रद्धालुओं के साथ मित्रतारपूर्ण व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही सुगम व बेहतर यात्रा हेतु शुभकामनाएं देते हुये सभी को ड्यूटी सतर्कता करने की हिदायत दी गयी। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चमोली  प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग  अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन/यातायात नताशा सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली  बद्रीनाथ कैलाश चन्द्र भट्ट व चारधाम यात्रा ड्यूटी हेतु नियुक्त समस्त पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# रिखणीखाल और नैनीडांडा प्रभावित क्षेत्र में नहीं दिख रहा बाघ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी। बाघ प्रभावित क्षेत्र रिखणीखाल और नैनीडांडा को बाघ की दहशत से निजात नहीं मिल पा रही है। वन महकमे की टीमों ने प्रभावित गांवों में डेरा डाला हुआ है, लेकिन बीते दो दिनों से बाघ की कोई भी गतिविधि क्षेत्र में देखने को नहीं मिल पाई है।

बाघ न तो ट्रैपिंग कैमरों में ही कैद हो पाया और न हीं गश्त कर रही वन विभाग की टीम को दिखाई दिया है। नैनीडांडा के तिलखेरा के ग्राम प्रधान सतेंद्र रावत ने बताया कि घोडक़ंद तल्ला में लगातार बाघ देखने को मिल रहा है। वहीं अभी तक की जांच पड़ताल में यह साफ हो चुका है कि रिखणीखाल में दो और नैनीडांडा में एक बाघ सक्रिय है वन महकमे के कैमरों में ये ट्रैप हुए है। बाघ ने पहले रिखणीखाल के डल्ला में तो उसके चार दिन बाद नैनीडांडा के भैडग़ांव में हमला किया था। तभी से यहां बाघ को लेकर लोगों में दहशत बनी हुई है।

वन संरक्षक गढ़वाल सर्किल पंकज कुमार ने बताया कि टीम क्षेत्र में बनी हुई है। लेकिन बीते दो दिनों से बाघ की कोई गतिविधि नजर नहीं आई है। बाघ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है और वन विभाग ग्रामीणों को जागरूक भी कर रहा है। वन्य जीव विशेषज्ञों की टीम ने भी यहां आकर जानकारी जुटाई है। क्षेत्र में तीन बाघ कैमरों में ट्रैप हुए है। इन पर नजर रखी जा रही है।

# अगर आप भी अंडों को फ्रिज में रखते है, तो ये खबर आपके लिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 27 अप्रैल : अक्सर हमने टीवी पर अंडे से संबंधित एक विज्ञापन देखा है कि, सन्डे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे। लेकिन क्या आपको पता है कि आपको अंडे को कभी भी फ्रिज में नही रखना चाहिए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा क्यों? आज हम इस लेख में आपको यही बताने का प्रयास करेंगे की आपको अंडों को फ्रिज में क्यों नहीं रखना चाहिए। अंडे एक प्राकृतिक खाद्य उत्पाद हैं और प्रोटीन और अन्य कार्बनिक यौगिकों से भरपूर होने के कारण इनके खराब होने की संभावना अधिक होती है। हालांकि, प्रकृति ने अंडों को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान की है और वे वास्तव में हमारी कल्पना से कहीं अधिक मजबूत होते हैं।

दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोगों के लिए अंडे दैनिक आहार का हिस्सा हैं। वास्तव में, हम जागरूक होने की तुलना में कई और तरीकों में अंडे का सेवन करते हैं। जबकि इस उच्च प्रोटीन भोजन के ताज़ा स्टॉक का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। यह अधिक महत्वपूर्ण है कि आप इसे सही तरीके से संग्रहित करें और इन कीमती खाद्य पदार्थ को बासी और खराब न होने दें। जैसा कि हमने बताया कि अंडे प्रोटीन और कैल्शियम का अच्छा स्रोत हैं। हम सभी हमेशा के लिए अपने रेफ्रिजरेटर में अंडे की ट्रे में अंडे जमा करते रहे हैं। हालांकि, एक नए अध्ययन के अनुसार, अंडे को फ्रिज में रखने से वे खाने के लिए स्वस्थ हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंडे को कमरे के तापमान पर सबसे अच्छा संग्रहित किया जाता है। अंडे को बहुत ठंडे तापमान में, यानी फ्रिज में रखने से वे अखाद्य हो सकते हैं . कमरे के तापमान पर रखे गए अंडे रेफ्रिजरेट किए गए अंडे की तुलना में तेज़ी से नहीं सड़ते हैं। इसके अलावा, उनमें से कुछ अत्यधिक ठंडे तापमान में संग्रहीत करने के बाद बाहर निकालने पर खट्टे हो जाते हैं।

सभी बेकिंग व्यंजनों में कमरे के तापमान पर संग्रहीत अंडे का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि वे रेफ्रिजेरेटर की तुलना में बेहतर तरीके से फुलाते हैं। तो यदि आप अंडों को बेकिंग की प्रक्रिया में शामिल करते है, तो आपको अंडों को कमरे के तापमान पर रखना चाहिए। उन अंडों को रेफ्रिजरेट करने की आवश्यकता नहीं है जिनमें छल्ली बरकरार है, क्योंकि इसका मतलब है कि वे काफ़ी ताज़ा हैं। छल्ली एक अदृश्य परत होती है जो कि अंडों को ज़्यादा समय तक सुरक्षित रखने में मदद करती है। अगर अंडों को धोए न या फिर गंदगी न आने दे तो ये परत बरकरार रहती हैं। तो अंडे खरीदते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें। यह देखा गया है कि अंडों को ठंडे तापमान में रखने और फिर उन्हें कमरे के तापमान पर छोड़ने से संगठन हो सकता है, जिससे खोल पर बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा मिलता है जो संभवतः अंडे में भी मिल सकता है, जो उपभोग के लिए स्वस्थ हो सकता है।

# एक Mail कर सकता है आपका बैंक अकाउंट खाली ! बचना है तो गांठ बांध लें ये बातें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अप्रैल , ईमेल का इस्तेमाल आप भी करते होंगे। काम के मेल्स के अलावा हमारे पास पूरे दिन में कई फालतू के मेल्स आते हैं। इन मेल्स का कोई काम नहीं होता है। इनमें से कई मेल्स हैकर्स द्वारा भी भेजे जाते हैं। अगर आप इन मेल्स के चक्कर में फंस जाते हैं तो आपकी निजी डिटेल्स चोरी हो सकती हैं और बैंक अकाउंट भी खाली हो सकता है। आपको इस तरह के मेल्स से सावधान रहना चाहिए।

साइबर हैकिंग के बारे में आप सभी ने सुना होगा। इस तरह के मामलों में फिशिंग, मालवेयर और हैंकिग से जुड़े मामले होते हैं। आपको इस तरह के मेल्स से किस तरह बचना है और खुद को सुरक्षित रखना है ये हम आपको यहां बता रहे हैं।

**इस तरह रहें साइबर क्राइम्स से सावधान**


अगर किसी ईमेल में आपसे आपका यूजरनेम और पासवर्ड मांगा जाता है तो उसे मेल को इग्नोर करें। उस पर गलती से भी रिप्लाई न करें।आपको किसी भी मेल में या फिर किसी को भी अपना सोशल सिक्योरिटी नंबर नहीं देना चाहिए।

अगर कोई मेल आपको लालच देता है किसी रिवॉर्ड का और आपसे आपकी वित्तीय जानकारी मांगता है तो आपको सतर्कता बरतनी होगी। आपसे कई बार मेल में बैंक अकाउंट नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, पिन जैसी जानकारी मांगी जाती है लेकिन आपको इस तरह की जानकारी देने से बचना चाहिए।

किसी भी अनजान मेल में आए अटैचमेंट को डाउनलोड नहीं करना चाहिए। साथ ही आपको किसी लिंक पर भी बिना विश्वसनीयता के क्लिक नहीं करना चाहिए।

**फिशिंग मेल को करें इस तरह हैंडल**

अगर आपके पता चल जाता है कि आपके पास आया हुआ मेल फिशिंग या मैलवेयर से भरा हुआ है तो आपको उसे तुरंत रिपोर्ट करना होगा। साथ ही अगर किसी मेल में बैंक से संबंधित कोई जानकारी है और वो भी फिशिंग मेल है तो आपको तुरंत बैंक को सूचित करना चाहिए।




# 50 से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जल्द मिल सकेगी शिंगल्स की वैक्सीन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अप्रैल : शिंगल्स स्किन से जुड़ी एक बीमारी है, जिसका अटैक कमजोर इम्यून सिस्टम वालों पर ज्यादा होता है। 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के साथ डायबिटीज, दिल और किडनी की बीमारी जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों में शिंगल्स की बीमारी पनपने का खतरा ज्यादा रहता है, क्योंकि ऐसे लोगों की इम्युनिटी इन बीमारियों की वजह से कमजोर होने लगती है।





हाल ही में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने भारत में शिंगरिक्स (जोस्टर वैक्सीन रिकॉम्बिनेंट, एडजुवेंटेड) टीका लॉन्च करने की घोषणा की है। यह 50 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को शिंगल्स (हर्पेस जोस्टर) की बीमारी और पोस्ट-हर्पेटिक न्यूराल्जिया से बचाने में सहायक है। शिंगरिक्स दुनिया की पहली नॉन-लाइव, रिकॉम्बिनेंट सबयूनिट वैक्सीन है, जो इंजेक्शन से माध्यम से दो डोज के रूप में मांसपेशियों में लगाई जाती है। शिंगल्स की समस्या शरीर में वेरिसेला जोस्टर वायरस ( वीजेडवी ) के द्वारा एक्टिव होने से पैदा होती है। यह वही वायरस है जो शरीर में चिकन पॉक्स या चेचक का कारण बनता है।

शिंगल्स उस वायरस की वजह से फैलता है जिसकी वजह से चिकनपॉक्स होता है। चिकनपॉक्स होने के बाद वायरस वेरिसेला ज़ोस्टर शरीर के स्नायुओं में लंबे समय तक निष्क्रिय पड़ा रहता है। यह दो से पांच दशकों तक या और भी लंबे समय तक इसी अवस्था में शरीर में पड़ा रह सकता है। जब भी शरीर की इम्युनिटी कमजोर होती है तो ये वायरस फिर से एक्टिव हो जाता है और शिंगल्स का कारण बनता है। इस कंडीशन की वजह से शरीर में चकत्ते हो जाते हैं और या तेज चुभन के साथ दर्द महसूस होता है। वैसे शिंगल्स की समस्या कई बार तनाव, चोट, कुछ दवाओं के रिएक्शन या और दूसरे कारणों से भी हो सकती है।

जैसे-जैसे इंसान की औसत उम्र बढ़ रही है, 'इम्युनो सेनेसेंस का खतरा भी आम होता जा रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि इंसान की उम्र बढ़ने पर इम्युनिटी घटती है और यह प्रक्रिया 50 वर्ष की आयु के आसपास शुरू होती है। अब औसत उम्र बढ़ रही है और लोग 50 साल से ज्यादा जी रहे हैं। इस वजह से लोगों की इम्युनिटी कम होने लगती है और उन्हें शिंगल्स होने का जोखिम अधिक होता है।कोविड-19 महामारी के बाद शिंगल्स के मामलों में तेजी देखी गई है जो कि कोविड-19 द्वारा मरीजों की इम्युनिटी पर असर डालने की वजह से हो सकता है।

इसके अलावा, डायबिटीज, एचआईवी, कैंसर और किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट करवा चुके मरीजों में भी कमजोर इम्यूनिटी के कारण शिंगल्स का खतरा रहता है। कुछ मरीज़ 'इम्युनोमॉड्यूलेटर्स पर होते हैं और इस वजह से उनकी इम्यूनिटी कम हो जाती है और ऐसे में वे भी शिंगल्स की चपेट में आ सकते हैं। इम्युनो मॉड्यू लेटर्स का प्रयोग आर्थराइटिस, लुपस और कुछ चर्म रोगों में होता है।

# दून पुलिस ने पकड़े चार धाम के चोर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 अप्रैल : यात्रा सीजन में गंगा घाटों के किनारे यात्रियों के सामान, नकदी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह (बरार जाति) का दून पुलिस ने किया पर्दाफाश, चोरी की 02 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चोरी के 17 मोबाइल व 1,08,700/- रू0 की नकदी के साथ 11 अभियुक्तों को ऋषिकेश पुलिस ने किया गिरफ्तार। गंगा घाटों के किनारे यात्रियों को बातों में उलझा कर अथवा अन्य तरीकों से उनका ध्यान भटका कर देते थे चोरी की घटनाओं को अंजाम।



कोतवाली ऋषिकेश में दिनांक 24-04-2023 को वादी पंकज गुप्ता पुत्र चंद्र निवासी हीरालाल मार्ग ऋषिकेश देहरादून के द्वारा एक लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 24-04-2023 को सुबह करीब 8:30 बजे मैं त्रिवेणी घाट पर गंगा जी में स्नान करने गया था, मैंने अपना लोवर घाट किनारे निकाल कर रखा था जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसमे मेरा पर्स, जिसके अंदर कुल 50000/-, मेरा आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी का, जो मेरी दुकान पर काम करने वाले मोहित ने मुझे ठीक कराने के लिए दिया था, रखा था। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश पर मु0अ0सं0: 191/2023 धारा- 379 आईपीसी बनाम अज्ञात का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। वर्तमान समय में चार धाम यात्रा के प्रारम्भ होने तथा ऋषिकेश क्षेत्र में ही चारधाम यात्रा में जाने वाले यात्रियों के फोटोमैट्रिक एवं बायोमेट्रिक पंजीकरण होने के पश्चात ही उन्हें चार धाम यात्रा में भेजे जाने के दृष्टिगत ऋषिकेश क्षेत्र में काफी संख्या में देश विदेश तथा अन्य प्रदेशों से पर्यटक आकर रुकते हैं, जिसके साथ- साथ बाहरी प्रदेशों से आने वाले असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं तथा यात्रियों व पर्यटकों के सामान की चोरी की घटनाओं को पारित करते हैं। यात्रा सीजन के दौरान गंगा घाट किनारे हुई चोरी की उक्त घटना तथा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के द्वारा तत्काल अभियान के शत-प्रतिशत अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश के द्वारा वर्दी एवं सादा वस्त्रों में अलग-अलग पुलिस टीम बनाकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। उच्च अधिकारीगणों से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस टीम गठित की गई। 1- घटना स्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया।2- वादी तथा घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई।3- पूर्व में इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों के विषय में जानकारी हासिल कर उनका भौतिक सत्यापन किया गया।4- सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फोटो वीडियो के आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।5- कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र अंतर्गत जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।6- कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गंगा घाटों के किनारे सादा वस्त्रों में टीम गठित कर गस्त व चेकिंग अभियान चलाया गया।उपरोक्त किए गए कार्यों से पुलिस टीम को महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई तथा दिनांक 25-04-23 को मुखबिर द्वारा पुलिस टीम को सूचना दी गई कि त्रिवेणी घाट पर चोरी की घटना करने वाला गिरोह, जिसमें करीब 10-11 सदस्य हैं, जिनके द्वारा ऋषिकेश एवं हरिद्वार में गंगा किनारे घाटों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, यह गिरोह इस समय ऋषिकेश के गंगा किनारे घाटों पर ही कहीं मौजूद है, जिसके पश्चात गठित टीमों द्वारा आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए गंगा किनारे घाटों पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर नाव घाट ऋषिकेश के पास से गंगा घाटों के किनारे यात्रियों के सामान व नकदी की चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा ऋषिकेश एवं हरिद्वार क्षेत्र में गंगा घाटों के किनारे चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाना स्वीकार किया गया, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली ऋषिकेश में मुकदमा अपराध संख्या- 191/2023 धारा 379 आईपीसी एवं कोतवाली हरिद्वार में मुकदमा अपराध संख्या- 261/2023 धारा 379 आईपीसी अभियोग पंजीकृत होना ज्ञात हुआ। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस द्वारा उपरोक्त दोनों अभियोगों से संबंधित माल बरामद किया गया। अभियुक्तों को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों पर चला पौड़ी पुलिस का डंडा

पौड़ी 27 अप्रैल : दिनांक 22.04.2023 को जनपद के कोटद्वार क्षेत्र के निवासी दिव्यम अग्रवाल, पुत्र सुनील कुमार अग्रवाल, निवासी- बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार ने थाना कोटद्वार पर आकर लिखित प्रार्थना पत्र से अवगत कराया कि वे पिछले करीब कुछ वर्षों से दिल्ली रहकर दिल्ली यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त कर रहे थे।



दिसंबर-2022 में दिल्ली के एक होटल Bliss Bourn, लाजपत नगर, न्यू दिल्ली में रह रहे थे । उस होटल में उसके बगल वाले कमरे में एक व्यक्ति जिसका नाम अंगद सेखोन है, उस व्यक्ति से उसकी मुलाकात होटल में हुई थी। उसने बताया कि मैं न्यूजीलैंड के Auckland शहर में व्यापार करता है। अंगद सेखोन द्वारा वादी और उसके छोटे भाई शिवम अग्रवाल को न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे पिछले 2 माह में करीब रु0 6 लाख (रू0 छः लाख) यू.पी.आई. के माध्यम से मोबाइल नंबर 7522920531 पर जमा कराये हैं। उसके द्वारा वादी से एयर टिकट बुकिंग के नाम से/वीजा के नाम से /मेडिकल के नाम से/ डॉलर बदलने के नाम से /वापसी टिकट के नाम से कई बार में पैसे जमा कराए गये। उसने वादी को बताया गया कि न्यूजीलैंड के शॉप के मालिक जिनके यहाँ तुम दोनों को जॉब करनी है, जो कि न्यूजीलैंड में रहते हैं, जो वहाँ अश्वनी व सहगल नाम से जाने जाते हैं। यह न्यूजीलैंड के Auckland शहर में व्यापार करते हैं, इनके यहाँ तुम दोनों को जॉब दी जाएगी। उसके बाद भी मुझे अभी तक वीजा/मनी एक्सचेंज से सम्बन्धित कोई भी कागजात प्राप्त नहीं हुए। अंगद सेखोन फरवरी-2023 में हमारे घर कोटद्वार भी आया था और उसी दिन वापस चला गया था। अंगद के द्वारा हमारे साथ धोखाधडी की गयी है। वादी दिव्यम अग्रवाल द्वारा उपलब्ध कराये गए लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर जनपद के थाना कोटद्वार पर मु.अ.सं.-84/2023, धारा-420 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त ठगी की घटना की गम्भीरता को देखते हुये शीघ्र घटना का अनावरण करने हेतु टीम गठित करने के कड़े आदेश देकर मामले की स्वयं मॉनिटरिंग की गयी।जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देश, पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार/पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी तथा आम जनमानस से हो रही इस प्रकार की ठगी की रोकथाम हेतु प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मनी भूषण वास्तव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस, मुखबीरों आदि की मदद से पतारसी-सुरागरसी कर नामजद अभियुक्त अंगद सेखोन, पुत्र स्व0 सरदार दर्शन सिंह, निवासी सेक्टर-49 D चंडीगढ़ को स्थान शोगी शिमला, हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार मा. न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड के अन्य जनपदों तथा अन्य राज्यों से आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि वह 2019 में गोवा में जॉब के लिए गया था तथा गोवा में डेल्टा कैसीनो में काम रहा था। सितम्बर-2022 को वह कैसीनो में काफी पैसा हार गया था, उसके ऊपर काफी उधार हो गया था, जिस कारण वह वहाँ से दिल्ली आ गया तथा 3-4 महीने से दिल्ली में लाजपत नगर में रहने लग गया था। अभियुक्त अंगद सेखोन ने बताया कि उसकी मुलाकात वादी दिव्यम से दिल्ली में लाजपत नगर में एक होटल में हुयी थी। हम 2-3 महीने साथ में रहे, हमारी आपस में बातचीत होती रही। दिव्या को जब मुझ पर विश्वास हो गया तो मैंने इसे न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर यू.पी.आई. के माध्यम से करीब 6 लाख रुपये ठगे थे। इससे पहले भी उसने करण नाम का एक व्यक्ति जो रायबरेली का रहने वाला है, उससे दिल्ली में 60 हजार रुपये न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर ठगे थे। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति वी मार्ग जो मैसूर के एक गांव के पास का है। उससे भी 74 हजार रुपये न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर ठगे थे। जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है । अभियुक्त इस दौरान शिमला, नेपाल आदि जगहों पर भी गया था। अभियुक्त बोल-चाल में काफी चतुर है अपनी बातों से नौकरी का झांसा देकर फंसा देता है तथा काफी अच्छी तरह से बातचीत कर लेता है। जीविकोपार्जन का मुख्य कार्य ग्रुप वालों के माध्यम से कैसीनो खेलना है। साथ ही कैसीनो खेलने के लिए कई बार नेपाल भी गया है।

# पौड़ी पुलिस ने लाखों की स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

पौड़ी 27 अप्रैल : युवाओं को नशे की लत में धकेलने चले पैडलर्स को पौड़ी पुलिस ने दिखाया जेल का रास्ता। मुख्यमंत्री उत्तराखंड द्वारा वर्ष- 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्ति ("ड्रग्स फ्री देवभूमि") बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी श्वेता चौबे द्वारा जनपद में नशीले मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर धर-पकड़ करते हुए वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।जिसके क्रम में शेखर सुयाल अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देश, गणेश लाल कोहली पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार व पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन कोटद्वार विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मनी भूषण श्रीवास्तव व प्रभारी कमलेश शर्मा सी0आई0यू0 के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दौरान चेकिंग नशा तस्कर (1) आशीष के कब्जे से 16.40 ग्राम स्मैक तथा (02) अमन सिंह रावत के कब्जे से 14.60 ग्राम स्मैक बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोटद्वार पर NDPS ACT के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। नशे कि खिलाफ जंग में पिछले 06 माह में पौड़ी पुलिस द्वारा NDPS ACT में 37 अभियोग पंजीकृत कर 41 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुये 203.49 ग्राम स्मैक, 2 किलो 612 ग्राम चरस एवं 114 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिनकी की अनुमानित कुल कीमत लगभग रू0 23,07,500/- है।



# जिला योजनान्तर्गत में हो रहे कार्यों का थर्ड पाटी इन्स्पेक्शन हो : गणेश जोशी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर 27 अप्रैल जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने जिला योजना समिति की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ली। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि नया वित्तीय वर्ष (2023-2024) चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के 54 करोड़ के बजट के सापेक्ष इस वर्ष जला योजना में लगभग 26 प्रतिशत वृद्धि के साथ 68.67 करोड़ का बजट है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का जमाना है, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बजट को सर्वाधिक बढ़ाया जा रहा है। जिला योजना समिति के सम्मुख प्रस्तुत में विभिन्न विभागों के 80 करोड़ रूपये के सापेक्ष 73 करोड़ रूपये की योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा। जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना के अन्तर्गत विभागवार प्रस्ताव तथा बजट का फाइनल अनुमोदन आगामी जिला योजना समिति की बैठक में किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजना समिति की आगामी बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाये।

विधायक आदेश सिंह चौहान तथा जिला योजना समिति के कुछ सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि जिला योजना में उनके प्रस्ताव शामिल नहीं किए गए हैं। जिस प्रभारी मंत्री ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि समिति सदस्यों, विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को शामिल किया जाये और समिति के सदस्यों को बैठकों के बारे में दूरभाष पर भी जानकारी दी जाये। उन्होंने समिति के प्रत्येक सदस्य से प्राथमिकता के आधार पर 5-5 योजनाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजनान्तर्गत हो रहे कार्यों का थर्ड पाटी इन्स्पेक्शन कराया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों में ओवर लेपिंग न हो और कार्यो को अधिक से अधिक कन्वर्जेन्स तथा कलस्टर आधारित किया जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए निर्देश दिये कि पुनः बोरिंग एवं मरम्मत कार्य के पश्चात जिला पंचायत एवं डीपीसी सदस्यो से उपयोगिता प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाये। योजना समिति के एक सदस्य द्वारा अवगत कराया गया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में दिक्कतें आ रहीं हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में ब्लॉक स्तर पर एएनएम को नई व्यवस्था के बारे में जानकारी हेतु प्रशिक्षण दिया जाये। उन्होंने बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु अखिल भारतीय स्तर पर एक नया सिस्टम बनाया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जनपद की सामाजिक, आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जनपद की चुनौतियों एवं विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस वर्ष की जिला योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जिला योजना 6867.77 लाख रूपये की है, जिसमें एससीएसपी मद में 951 लाख तथा टीएसपी में 753 लाख रूपये व सामान्य मद में 5163.77 लाख रूपये की व्यवस्था की गई है। बैठक में विधायक आदेश सिंह चौहान, गोपाल राणा, मेयर रामपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि गौरव बहड़, जिला योजना समिति सदस्य अमित नारंग, अमिता विश्वास, अर्जुन कश्यप, ममता जल्होत्रा, सरिता देवी, मोहन खेड़ा, डीके जोशी, मोनू चौधरी, मनोज जग्गा, अनिल चौहान, मनमोहन सक्सेना, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कैंसर से डरना नहीं लड़ना है : प्रेमचंद अग्रवाल

## ऋषिकेश में गुरु राम राय का कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 27 अप्रैल, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय व श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों ने शिविर में कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य भारत में कैंसर की बढ़ती घटनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और रोगियों को मुफ्त परामर्श और कैंसर जांच प्रदान करना था। कैबिनेट मंत्री उत्तरखण्ड सरकार प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से डरना नहीं लडना है। जनजागरूकता फैलाकर इस मुहिम को और आगे बढाया जा सकता है। इसमें समाज के हर आयु हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है।

धनवंत्री भवन ऋषिकेश में कैंसर जागरूता शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवम् वित्त मंत्री उत्तराखण्ड सरकार प्रेमचंद अग्रवाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथ डॉ अजय कुमार खण्डूड़ी, कुलसचिव श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, विजय नौटियाल, अधिकृत हस्ताक्षर प्रबन्धक, श्री दरबार साहिब व डॉ पंकज कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष कैंसर सर्जरी विभाग श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल ने संयुक्त रूप से किया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की सरहाना की। उन्होंने श्रीमहंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही मुहिम की सराहना की। कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया कि अनिवार्य कैंसर अधिसूचना के लिए वह स्वास्थ्य मत्री से बात करेंगे ताकि कैंसर के सही आंकड़ों का पता लगाया जा सके।




श्री गुरु राम राय विश्वविद्यलाय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार खंडूरी ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के आशीर्वचन प्रस्तुत किए। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ पंकज गर्ग ने भारत में कैंसर के बारे में कुछ चैंकाने वाले आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि भारत में हर साल लगभग 14-15 लाख नए कैंसर के मामले दर्ज किए जाते हैं। हालाँकि, भारत में डेटा की कम रिपोर्टिंग के कारण वास्तविक संख्या बहुत अधिक हो सकती है। उन्होंने कैंसर नियंत्रण के लिए तीन आयामी दृष्टिकोण - जोखिम में कमी, शीघ्र निदान और कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे में सुधार पर जोर दिया।

डॉ. गर्ग ने अपनी टीम (डॉ. अजीत तिवारी और डॉ. रचित आहूजा) के साथ मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया और कैंसर की जांच की। मरीजों को कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और उपचार के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी गई। शिविर को स्थानीय समुदाय से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, सैकड़ों लोग परामर्श और स्क्रीनिंग के लिए आए। डॉ. गर्ग ने बताया कि श्री महंत अस्पताल उत्तराखंड के लोगों को सस्ती कीमतों पर अत्याधुनिक गुणवत्ता वाली कैंसर उपचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे बताया कि अस्पताल आयुष्मान और गोल्डन कार्ड लाभार्थियों को कैशलेस कैंसर उपचार की सुविधा प्रदान करता है। कार्यक्रम में कैंसर सर्जन डॉ अजीत तिवारी, डॉ पल्लवी कौल, डॉ रचित आहुजा व डॉ राहुल कुमार ने भी कैंसर से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विजय नौटियाल ने धन्यवाद ज्ञापन पड़ा। मंच संलान सिमरन अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पीआरओ जितेन्द्र यादव , मानवेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र रतूडी, भास्कर मैंदाला आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एसजीआरआर पब्लिक स्कूल हरिद्वार, ऋषिकेश, शाखा व भानियावाला शाखा के शिक्षक, छात्र-छात्राएं व स्टाफ भी मौजूद थे।

# दिव्यांग बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हल्द्वानी , 27 अप्रैल , नैनीताल जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या हल्द्वानी स्थित दृष्टि बाधित बच्चों की संस्था 'नैब' पहुंची ।जहां उन्होंने संस्थान के निरीक्षण के साथ ही दिव्यांग बच्चों के साथ बात की और उनका हालचाल जाना ।इस दौरान बच्चों द्वारा मंत्री रेखा आर्या को स्वागत गीत सुनाया गया व विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया गया ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है,जिसके तहत ऐसे बच्चों के लिए 350 स्पेशल एजुकेटर रखने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है।

इस दौरान उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में मजबूत इच्छा शक्ति और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समर्पण भाव से काम करने को कहा। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग घोषित किया साथ ही इन बच्चो के लिए केंद्र व राज्य सरकार गंभीर है और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है ।प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को दिव्यांग का नाम दिया है वह अपने आप में प्रेरणा का काम करता है। उन्होंने कहा कि संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए और अवस्थापना सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट ,जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ,अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या ,नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ,मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल ,नैब के प्रबंधक श्याम धानक सहित अध्यापकगण व प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के मामले में संगठन के पदाधिकारी से पूछताछ

रुडक़ी। करीब चालीस लाख की चोरी में रुडक़ी के एक संगठन का एक पदाधिकारी पुलिस के राडार पर है। आरोपियों के संपर्क में रहने के शक पर पुलिस ने संगठन के पदाधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस बीच पुलिस के पास कई जनप्रतिनिधियों के फोन आए थे। लेकिन पुलिस ने अपनी पूछताछ पूरी होने के बाद ही पदाधिकारियों को छोड़ा। सिविल लाइंस कोतवाली को आकाशदीप कांप्लेक्स निवासी नरेंद्र वर्मा ने बताया था कि पत्नी का स्वास्थ्य खराब चल रहा है। पत्नी का उपचार देहरादून के अस्पताल में चल रहा है। पत्नी की देखभाल के लिए अस्पताल आना-जाना लगा रहता था। कुछ दिन पहले केयर टेकर ने फोन पर सूचना दी कि घर के दरवाजे खुले हैं और सामान बिखरा है। सूचना मिलने पर घर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से विदेशी करेंसी, एक अंगूठी डायमंड, पांच लाख रुपये, एक सोने की चेन, चांदी के बर्तन, पत्नी और पुत्री के जेवरात, बैंकॉक और अमेरिका के महंगे गिफ्ट चोरी हुए थे। घर के सीसीटीवी खंगालने पर किरायेदार का पुत्र और एक अन्य युवक की गतिविधि संदिग्ध मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। उपनरीक्षक कर्मवीर सिंह को मामले की जांच सौंपी गई थी। कार्तिक निवासी आकाशदीप कांप्लेक्स समेत दो लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज है। इंस्पेक्टर महेश जोशी का कहना है कि चोरी की जांच जारी है, जिन लोगों की भी भूमिका चोरी करने और मदद करने में होगी उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### चोरी के मामले में संगठन के पदाधिकारी से पूछताछ

रुडक़ी। करीब चालीस लाख की चोरी में रुडक़ी के एक संगठन का एक पदाधिकारी पुलिस के राडार पर है। आरोपियों के संपर्क में रहने के शक पर पुलिस ने संगठन के पदाधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस बीच पुलिस के पास कई जनप्रतिनिधियों के फोन आए थे। लेकिन पुलिस ने अपनी पूछताछ पूरी होने के बाद ही पदाधिकारियों को छोड़ा। सिविल लाइंस कोतवाली को आकाशदीप कांप्लेक्स निवासी नरेंद्र वर्मा ने बताया था कि पत्नी का स्वास्थ्य खराब चल रहा है। पत्नी का उपचार देहरादून के अस्पताल में चल रहा है। पत्नी की देखभाल के लिए अस्पताल आना-जाना लगा रहता था। कुछ दिन पहले केयर टेकर ने फोन पर सूचना दी कि घर के दरवाजे खुले हैं और सामान बिखरा है। सूचना मिलने पर घर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर से विदेशी करेंसी, एक अंगूठी डायमंड, पांच लाख रुपये, एक सोने की चेन, चांदी के बर्तन, पत्नी और पुत्री के जेवरात, बैंकॉक और अमेरिका के महंगे गिफ्ट चोरी हुए थे। घर के सीसीटीवी खंगालने पर किरायेदार का पुत्र और एक अन्य युवक की गतिविधि संदिग्ध मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। उपनरीक्षक कर्मवीर सिंह को मामले की जांच सौंपी गई थी। कार्तिक निवासी आकाशदीप कांप्लेक्स समेत दो लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज है। इंस्पेक्टर महेश जोशी का कहना है कि चोरी की जांच जारी है, जिन लोगों की भी भूमिका चोरी करने और मदद करने में होगी उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### बार एसोसिएशन का चुनाव कल

हरिद्वार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर षष्टकोणीय मुकाबला और सचिव पद पर पंचकोणीय टक्कर तय है। पुस्तकालय अध्यक्ष पर दीक्षा सिंह के प्रस्तावक बनने से इंकार करने पर पर्चा निरस्त कर दिया गया है। बुधवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपनी दावेदारी वापिस नहीं ली। गुरुवार को करीब नौ सौ महिला और पुरुष अधिवक्ता बार कक्ष में बने मतदान केंद्र पर अपने मतदान का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव अधिकारी पवन चौहान ने बताया कि बुधवार को दाखिल सभी नामांकन पत्रों की जांच गई। जिसमें जांच के बाद नामांकन पत्र सही पाए गए। इसी दौरान पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर दीक्षा सिंह के प्रस्तावक ने प्रस्तावक बनने से इंकार कर दिया। चुनाव अधिकारियों ने उन्हें दूसरा प्रस्तावक पेश करने के लिए पर्याप्त अवसर देने के बाद नया प्रस्तावक नहीं देने के अभाव में उसका पर्चा निरस्त कर दिया है। चुनाव अधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर तरसेम सिंह चौहान, विश्वबन्धु बाली, जसमहेंद्र सिंह,जगदीप शर्मा,अरविंद कुमार श्रीवास्तव व मुहम्मद हनीफ के मध्य षष्ठकोणीय मुकाबला तय है। उपाध्यक्ष पद पर विपिन चंद द्विवेदी, रुचि बगवाड़ी, लोकेश दक्ष व दुष्यंत कुमार के बीच जबरदस्त लड़ाई होगी। सचिव पद पर राकेश कुमार राजपूत, नीरज कुमार, रमन कुमार, अनुराग चौधरी व संगीता बंसल पर पंचकोणीय मुकाबला होगा। सह सचिव पर संदीप सतपुरिया, सोपिन चौधरी, रश्मि उपाध्याय व संचय मनियाल के बीच सीधा मुकाबला तय है। कोषाध्यक्ष पद पर अमित कश्यप, राकेश नेगी, शिवम शर्मा व कविता वैभव के मध्य चतुष्कोणीय लड़ाई है।

### हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से संत को टिकट दिए जाने की मांग

हरिद्वार। हिंदू रक्षा सेना और भारत साधु समाज के संतों ने सभी राजनीतिक पार्टियों से हरिद्वार लोकसभा सीट पर किसी संत को टिकट दिए जाने की मांग उठाई है। संतों ने किसी संत को टिकट न दिए जाने पर निर्दलीय संत को चुनाव में उतारने की भी बात कही है। बुधवार को हरिद्वार प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने सभी पार्टियों से हरिद्वार लोकसभा सीट पर किसी संत को टिकट दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की आध्यात्मिकता की रक्षा के लिए हरिद्वार से किसी संत का सांसद चुना जाना आवश्यक है।

## संपादकीय

### सूडान में ऑपरेशन कावेरी

अफ्रीकी देश सूडान में सेना और विशेष सुरक्षा बल की आपसी लड़ाई लगातार गंभीर होती जा रही है. यह संघर्ष गृहयुद्ध में बदलता दिख रहा है. कई बड़े देश अपने दूतावास खाली कर चुके हैं और मिस्र दूतावास में कार्यरत एक बड़े अधिकारी की मौत भी हो चुकी है. सूडानी नागरिक हों या दूसरे देशों के लोग, किसी की भी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है. ऐसी विषम परिस्थिति में एक बार फिर भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने का बड़ा अभियान छेड़ दिया है, जिसे ऑपरेशन कावेरी नाम दिया गया है. इसकी तैयारी कुछ दिनों से चल रही थी. लगभग 500 भारतीय सूडान बंदरगाह तक पहुंच भी चुके है, जिनमें से बहुत से लोग सऊदी अरब के जेद्दा शहर के लिए रवाना हो चुके हैं. वहां फंसे भारतीयों को पहले सऊदी अरब लाया जा रहा है, जहां से वे भारत पहुंचेंगे. सूडान बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के युद्धपोत आइएनएस सुमेधा को तैनात किया गया है, जबकि जेद्दा में भारतीय वायु सेना के दो मालवाहक जहाज मौजूद हैं. अनुमानों की मानें, तो सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग तीन हजार भारतीय कार्यरत हैं. कई दिनों से चल रही लड़ाई के कारण यातायात के साथ-साथ संचार व्यवस्था भी तबाह हुई है. ऐसी स्थिति में फंसे हुए लोगों से संपर्क करना आसान नहीं है. उनके लिए सुरक्षित जगहों पर या बंदरगाह पर पहुंचने में भी मुश्किलें आ रही हैं. उल्लेखनीय है कि सूडानी सेना और अर्द्धसैनिक बलों की इस लड़ाई में 400 लोगों की जान जा चुकी है. इस बचाव अभियान में भारत सूडानी अधिकारियों के अलावा संयुक्त राष्ट्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, अमेरिका और अन्य कुछ देशों के लगातार संपर्क में है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले सप्ताह इस मसले पर अनेक देशों के विदेश मंत्रियों से बात की थी. यह भी महत्वपूर्ण है कि जब अनेक ताकतवर और सूडान के कुछ पड़ोसी देशों ने अपने दूतावास को खाली कर दिया है, वहीं भारतीय दूतावास कार्यरत है तथा अपने देश के नागरिकों को बचाने के अभियान को निर्देशित कर रहा है.



## CDO झरना कम्ठान ने किया गेंहू के फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण

देहरादून , 27 अप्रैल , तहसील देहरादून के राजस्व ग्राम मोहकमपुर कला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल गेंहू के फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने किया। इस प्रयोग का संपादन राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप गैरोला द्वारा किया गया जिसमें 43.30 वर्ग मीटर प्लाट में 15.950 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# दिवंगत साथी चन्दन राम दास की हमेशा खलेगी कमी : सतपाल महाराज



देहरादून , 27 अप्रैल , प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण , संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड सरकार में अपने सहयोगी कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक चन्दन राम दास के आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। महाराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक चन्दन राम दास पिछले कुछ समय से एनीमिया और शुगर की बीमारी से ग्रस्त थे लेकिन उसके बावजूद भी उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा था। अचानक इस तरह से उनका हमें छोड़ कर चले जाना हम सभी को स्तब्ध कर रहा है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। महाराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधायक चन्दन राम दास विशाल व्यक्तित्व के धनी होने के साथ-साथ अपने समाज, क्षेत्र और पूरे उत्तराखंड के लिए कार्य करते थे। उनका इस तरह अकस्मात चले जाना हम सभी के लिए बहुत ही दुखद है। उनका अभाव हमेशा खलता रहेगा, इसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है।

# देवभूमि ने खोया सरल स्वभाव का लोकप्रिय नेता चंदन राम दास : धस्माना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 27 अप्रैल , उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के परिवहन मंत्री चंदन राम दास की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बयान जारी कर पार्टी की ओर से दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत चंदन राम दास को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को बर्दाश्त करने की शक्ति ईश्वर दे ऐसी कामना की। उन्होंने कहा कि दिवंगत चंदन राम दास जी एक सरल स्वभाव के लोकप्रिय नेता थे जो हमेशा वंचित व गरीब लोगों के हित के लिए काम करते थे।

## भाजपाई बोले, तीसरी बार बनेगी देश में भाजपा की सरकार

नई टिहरी। भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि देशभर में विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2024 में तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा पार्टी दफ्तर में आयोजित महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ भाजपा की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ आगामी निकाय, लोकसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गीता रावत ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी मंडलों में जल्द कार्य समिति की बैठक की बात कही।

# भाजपा सरकार ने किसानों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया : चौहान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक बुधवार को बरोटीवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में हुई। बैठक में विधायक मुन्ना सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाने की सलाह कार्यकर्ताओं को दी गई।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी जनता का पेट भरता है। कांग्रेस शासन काल में अन्नदाता की हमेशा उपेक्षा की गई। किसानों के हित के लिए कांग्रेस सरकारों ने कभी कोई कदम नहीं उठाया। कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के गठन के बाद से ही किसानों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया गया। आज देश अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है, इससे देश की गरीब जनता का सस्ता अनाज मिलने के साथ ही किसान के घर में भी खुशहाली आई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अभी से अपनी हार देख रहे कांग्रेस के नेता भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। जिन्होंने कभी किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं नहीं सुनी वो आज किसान हितैषी होने का दावा कर रहे हैं। कहा कि चुनावी हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने का ढोंग कर रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने पहाड़ी उत्पादों को दिल्ली तक पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री सुखदेव फर्सवाण ने कार्यकर्ताओं को हर घर तक डबल इंजन की सरकार की नीतियों को पहुंचाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को खेतों में जाकर किसानों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेनी चाहिए। जिससे कि किसान खुद को सीधे सरकार से जुड़ा महसूस कर सके। इस दौरान किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मातवर सिंह, जिला मंत्री अरविंद सोलंकी, अनुज गुलेरिया, संदीप राणा, प्रमोद रतूड़ी, अंजू देवी, नारायण ठाकुर, नीरज ठाकुर, हरीश चौहान, बलभद्र थापा, नीतू तोमर आदि मौजूद रहे।

## मरम्मत कार्यों के चलते शक्ति नहर बंद, बिजली उत्पादन हुआ ठप

विकासनगर। मरम्मत के चलते बुधवार से शक्ति नहर को एक माह के लिए बंद कर दिया गया है। मरम्मत कार्यों के चलते ढकरानी और ढालीपुर पावर हाउस से बिजली का उत्पादन पूरी तरह से बंद रहेगा।

डाकपत्थर बैराज से लेकर कुल्हाल तक करीब 22 किमी लंबी शक्ति नहर पर तीन बांध परियोजनायें बनी हैं। जिनमें 33 मेगावाट की ढकरानी, 51 मेगावाट ढालीपुर व 30 मेगावाट की कुल्हाल जल विद्युत परियोजनाएं संचालित होती है। पिछले कई वर्षों से शक्ति नहर में मरम्मत कार्य न होने के कारण शक्ति नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गयी है। नहर के अंदर बडे पैमाने पर सिल्ट जमा हो गया है। इसके अलावा नहर के अंदर लगी टायल्स भी बदली जानी हैं। हाल के दिनों में यमुना नदी का जल स्तर काफी कम हो रखा है। जिससे तीनों परियोजनाओं में बिजली उत्पादन में गिरावट आई है। बरसात के दौरान परियोजनाओं से उत्पादन चरम पर रहता है। जिसके चलते यूजेवीएनएल ने मौके की नजाकत को भांपते हुए हाल के दिनों में शक्ति नहर में क्लोजर लेने का निर्णय लिया है। जिसके लिए बुधवार को शक्ति नहर का पानी पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिसके चलते बांध परियोजनाओं से भी बिजली उत्पादन पूरी तरह से ठप कर दिया गया है। ढकरानी पावर हाउस में इन दिनों मात्र ग्यारह मेगावाट बिजली प्रतिदिन पैदा की जाती रही है।

# शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केंद्रित होनी चाहिए : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केन्द्रित होनी चाहिए। छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हमारा ध्येय वाक्य होना चाहिए। छात्रों की क्षमता विकास और उन्हें आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए तैयार किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, शिक्षण व्यवस्थाएं और वित्तीय प्रबंधन छात्रों के हित में हों। उक्त निर्देश राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के पास वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने की अनेक संभावनाएं मौजूद हैं वे अपने वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने पर विशेष जोर दें। विश्वविद्यालय स्वयं के वित्तीय संसाधनों के स्रोत विकसित करें और उनका बेहतर उपयोग किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि ई-ऑफिस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट्स जैसी आधुनिक तकनीकों का अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया जाय।

राज्यपाल ने कहा कि छात्र हित में, विश्वविद्यालय का विकास कुलपति का दायित्व हैं। कुलपति अपनी प्रतिभा, क्षमता का उपयोग विश्वविद्यालय की गुणवत्तापरक शिक्षा और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग में करें। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए नवाचार और छात्र हित में कड़े निर्णय लेने में संकोच नहीं करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की आंतरिक समस्याओं का समाधान कुलपति स्तर पर ही किया जाए। राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक कलेण्डर बनाये जाएं जिसके आधार पर उनकी मॉनीटरिंग की जा सके। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाने के प्रयास करें। बैठक में सभी कुलपतियों द्वारा विश्वविद्यालयों के स्तर पर लम्बित संबद्धता प्रकरणों की स्थिति, विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती, नवीन सत्रों की ऑनलाइन संबद्धता प्रारंभ किए जाने, संबद्धता हेतु निरीक्षण समिति का गठन एवं निरीक्षण, शैक्षणिक स्तर को उच्च स्तर बनाए जाने, विश्वविद्यालयों द्वारा स्वयं के संसाधनों से आय बढ़ाने एवं कार्यपरिषदों की बैठक की स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बारी-बारी से राज्यपाल को जानकारी दी गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### मन की बात को लेकर जाखणीधार में तैयारी बैठक

नई टिहरी। जनपद के जाखणीधार ब्लाक में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड को लेकर भाजपाइयों ने तैयारी बैठक आयोजित की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाला यह एपिसोड अहम होगा। पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित होने वाला एक मासिक संबोधन है। जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से संवाद करते हैं। जिसका सौवां एपिसोड आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। इस अहम एपिसोड के लिए भाजपाईयों ने ब्लाक जाखणीधार तैयारी बैठक में अधिकाधिक संख्या में मन की बात कार्यक्रम को सुनने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक सुशील बहुगुणा ने इस मौके पर कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और कार्यकर्ताओं के बिना कार्यक्रम को सफल नही किया जा सकता। 100वें एपिसोड में बूथ स्तर पर बेहतर काम करने वालों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस दौरान प्रत्येक बुथ पर 100 लोग मौजूद रहेंगे। मण्डल अध्यक्ष के साथ कार्य योजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य मेहरबान सिंह रावत, देवेन्द्र बेलवाल, मंडल अध्यक्ष हर्षमणि सेमवाल, रणजीत भण्डारी,अमर सिंह, विजय हटवाल, विनोद बिष्ट, बबिता गुसाईं, पूर्णा देवी, गजेन्द्र सेनवाल, सत्ये सिंह ,रामदयाल रतूड़ी, अजय बिष्ट, सोहन सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

### आशाओं ने पीएम और सीएम से मांगा ज्यादा वेतन

नई टिहरी। विभिन्न मांगों को लेकर आशा व आशा फैसिलेटर स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगठन ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी न हुई तो उनका संगठन आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होगा। बुधवार को आशा फैसिलेटर स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगठन ने डीएम के माध्यम से पीएम, सीएम व श्रम मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि आशाओं को 20 दिन के स्थान पर 30 दिन की मोबिलिटी दी जाय। न्यूनतम वेतनमान 24 हजार किया जाय। सामाजिक सुरक्षा दी जाय। यात्रा भता, पीएलए बैठक का भत्ता 1000 करने, दूरस्थ एरिया के लिए भत्ता, सर्दी-गर्मी के अनुसार वर्दी देने, 2017 के बाद जून, जुलाई व अगस्त का रुका हुआ वेतन दिया जाय। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि आशओं व आशा फैसिलेटरों को कम वेतन मिल रहा है। जिसके कारण 11086 आशाओं का मार्ग दर्शन आशा फैसिलेटरों द्वारा किया जा रहा है। राज्य व केंद्र की विभिन्न योजनाओं में कार्य कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को पूरा कर रहे हैं। काम अधिक व वेतन कम मिलने से यह स्थित है कि घर की आजीविका नहीं चला पा रहे हैं। इसलिए आशा व आशा फैसिलेटरों को वेतन क्रमशः 18000 व 24000 किया जाय। ज्ञापन देने वालों में सीमा सेमवाल, आशा ममगाई, भजनी सकलानी, रेखा नेगी, प्रमिला कोठारी, उषा गुसांई, आशा जोशी, लक्ष्मी नेगी, हेमवती, विमला रांगड़, अनीता रावत, कमलेश थलवाल, संगीता विजल्वाण, रोशनी देवी, मीना रावत, उर्मिला नेगी, सविता आदि मौजूद रहे।

### नरेन्द्रनगर के पास युवक की संदिग्ध हालत में मौत

नई टिहरी। ऋषिकेश चंबा सडक़ मार्ग पर धोलापानी के पास खड़ी कार के अंदर एक युवक संदिग्ध हालात में बेहोश मिला। पुलिस और परिजनों ने युवक को नरेन्द्रनगर अस्पताल भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। नरेन्द्रनगर थानाध्यक्ष नदीम अहतर ने बताया कि बीते मंगलवार को यश सिंघल के परिजन नरेन्द्रनगर थाने पहुंचे, उन्होंने यश की मोबाइल लोकेशन नरेन्द्रनगर के आसपास होने के बारे में जानकारी दी। पुलिस और परिजनों ने ऋषिकेश चंबा सडक़ मार्ग पर यश की खोजबीन की, तो एक कार नरेन्द्रनगर से चंबा की ओर धोलापानी के पास खड़ी मिली, जिसमें यश सिंघल (27) पुत्र राजीव सिंघल निवासी आदर्श नगर ऋषिकेश बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस और परिजन यश को नरेन्द्रनगर अस्पताल ले गये,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यश के परिजनों ने बताया कि वह सोमवार को घर से सहारनपुर के लिये निकाला था, जब उसका मोबाइल फोन बंद मिला तो चिंतित परिजनों ने उसके मोबाइल की लोकेशन चेक करवाई तो वह नरेन्द्रनगर के आसपास मिली। उन्होंने बताया यश के पिता राजीव सिंघल ऋषिकेश में कपड़ा और टाइल्स के व्यापारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल भिजवाया गया है, पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता लगने की बात कही है।